<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर।</u>

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या–6221/Admin'G–I'/2019, Allahanad Dated: 14.05.2019, पत्र संख्या– 1928/S.F.C.M.Cell/Lucknow, Dated 28.02.2026 एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र संख्या–102/सात–न्याय–2–2015–728/86 न्याय अनुभाग–2(अधीनस्थ न्यायालय) लखनऊ दिनांक–18 जून, 2015 के अनुक्रम में कुटुम्ब न्यायालय ललितपुर में काउंसलर/परामर्शदाता के एकल पद पर नियुक्ति की जानी है। अर्ह व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक–15.04.2026 तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर में डाक स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।
उक्त आवेदन की अर्हता निम्नवत हैः–

1. **आवेदक की आयु–**आवेदनकर्ता की आयु 35–65 वर्ष के बीच की होनी चाहिए।
2. **निवास–** आवेदक जनपद ललितपुर का निवासी हो यदि इस तरह का कोई व्यक्ति नहीं मिलता है तो उस दशा में दूसरे जिले के लोगों को परामर्शदाता के रुप में नियुक्ति की जाएगी।
3. **शैक्षिक अर्हता–** अर्ह व्यक्ति समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो, यदि अर्ह व्यक्ति समाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और उसे पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव हो तो ऐसे व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।
4. **सेवा की स्थिति–** परामर्शदाता के पद पर अनुबंध शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जाएगी और आवेदक न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध होगा।
5. **मानदेय की स्थिति–** सम्बद्ध परामर्शदाता, जैसा राज्य सरकार विहित करे, मानदेय प्राप्त करने का अधिकारी होगा।
6. **दस्तावेज–** आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिए।
7. **फोटो व रजिस्टर्ड पत्र–** आवेदक आवेदन पत्र के साथ दो रंगीन फोटो व दो स्पीड पोस्ट लिफाफा डाक टिकट सहित संलग्न करें।
8. **कार्यकाल–** परामर्शदाता का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर परामर्शदाता के कार्यकाल में एक वर्ष की वृद्धि हेतु पुर्नःविचार जा सकेगा।
9. **आवेदन की समय सीमा–**आवेदक पूर्ण आवेदन अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रति राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कराकर, दिनांक–15.04.2026 शाम 5.00 बजे तक कार्यालय, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर में स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रुप से प्रेषित कर सकते है। अंतिम निर्धारित तिथि या समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार योग्य नहीं होगा।
10. **अपूर्ण आवेदन–** यदि आवेदन अपूर्ण या त्रुटि युक्त पाया जाता है तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

11. **घोषणा पत्र–** सभी आवेदको को आवेदनपत्र के साथ घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा, कि उनके द्वारा आवेदन पत्र में कोई तथ्य छिपाया नहीं गया और कोई भ्रामक जानकारी नहीं दी गई है यदि आवेदन पत्र में कोई असत्य या भ्रामक तथ्य पाया जाता है तो आवेदक के विरूद्ध दण्डात्मक/उत्पीड़न कार्यवाही की जाएगी।
12. **आवेदन की जाँच–**आवेदन प्राप्त होने के उपरांत, सभी आवेदन पत्रों को जाँच (Scrutiny) कर एक पद के सापेक्ष पाँच आवेदक की सूची तैयार की जाएगी। जनपद ललितपुर से यदि कोई व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने की दशा में अन्य जिले के अर्ह व्यक्ति की नियुक्ति काउसंलर के पद पर की जा सकेगी।
13. **नियुक्ति के लिए आवश्यक दस्तावेज–** नियुक्त के समय आवेदक को अपने सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
14. **अन्य जानकारी–** आवेदन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। कार्यालय मोबाईल नम्बर–9807345730।
15. विज्ञाप्ति में किसी भी तरह का विरोधाभास या विसंगतियाँ होने की दशा में माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या–6221/Admin'G–I'/2019, Allahanad Dated: 14.05.2019 एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र संख्या–102/सात–न्याय–2–2015–728/86 न्याय अनुभाग–2(अधीनस्थ न्यायालय) लखनऊ दिनांक–18 जून, 2015, की शर्ते मान्य होगी।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
जनपद–ललितपुर।

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद ललितपुर, को इस आशय से प्रेषित कि जावें कि वह उक्त आदेश के प्रति जनपद न्यायालय ललितपुर, कुटुम्ब न्यायालय, ललितपुर एवं बाह्य न्यायालय–तालबेहट, महरौनी, के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशऩ जनपद न्यायालय, ललितपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
2. एक प्रति जिलाधिकारी, ललितपुर को कलेक्ट्रेट, ललितपुर, तहसील, विकास खण्ड, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रचार प्रसार हेतु।
3. सिस्टम अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग जनपद ललितपुर को इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद ललितपुर की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय उक्त विज्ञप्ति को न्यायालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
जनपद–ललितपुर।

कुटुम्ब न्यायालय, ललितपुर में परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदनपत्र भेजने का पता–
कार्यालय–कुटुम्ब न्यायालय, परिवार न्यायालय–ललितपुर।

आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साई स्व. प्रमाणित फोटो

1. आवेदक का नाम (हिन्दी) में.....
2. आवेदक का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में).....
   .....
3. पिता/पति का नाम.....
4. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार).....
5. आवेदक का पूरा स्थाई पता (पिन कोड सहित) .....
   .....
6. आवेदक का वर्तमान पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित).....
   .....
7. मतदाता पहचानपत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर.....
8. टेलीफोन/मोबाईल नम्बर.....ई–मेल.....
9. यदि अधिवक्ता के रुप में पंजीकृत हैं तो पंजीकरण संख्या–.....
10. यदि आवेदक पहले परिवार न्यायालय में परामर्शदाता के रुप में कार्य कर चुके है.....
    तो परिवार न्यायालय का नाम, नियुक्ति का वर्ष और नियुक्ति आदेश की प्रति संलग्न करें।
11. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा चल रहा है ? .....यदि हाँ तो दोषसिद्धि/दोषमुक्ति का विवरण दें.....
12. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई मामला में लंबित है ?
13. क्या आवेदक द्वारा कुटुम्ब न्यायालय, ललितपुर या आवेदक के विरूद्ध कुटुम्ब न्यायालय ललितपुर में कोई वाद संस्थित किया गया है ?
14. आवेदक की शैक्षिक योग्यताः–

क.सं.	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत
01					
02.					
03.					
04.					
05.					
06.					
07.					
08.					

(संगत अंक पत्र एवं प्रमाणपत्र की राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

15. समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो).....

(संगत प्रमाणपत्र की राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

16. पारिवारिक कांउसलिंग का अनुभव(यदि कोई हो)

(संगत प्रमाणपत्र की राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर.....

पूरा नाम.....

पता.....

दिनांक.....

स्थान.....

<u>घोषणपत्र</u>

मै.....यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि आवेदन में मेरे द्वारा दी गई सभी जानकारी सत्य, पूर्ण और सही है, यदि कोई भी जानकारी गलत या असत्य पाई जाती है या मेरे अयोग्यता का पता चलता है तो मेरे विरूद्ध कोई भी कार्यवाही की जा सकेगी है।

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर.....

पूरा नाम.....

पता.....

दिनांक.....

स्थान.....